


# पंचदश बिहार विधान सभा

## दशम् सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-05 वृहस्पतिवार, दिनांक-01 अगस्त, 2013 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 09.00 बजे पूर्वाह्न से 12.50 बजे अप० तक ।

[1] सामान्य लोकहित के विषय पर विमर्श :-

बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-43 के तहत चर्चा हेतु श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, स०वि०स० से प्राप्त सूचना ''राज्य में बाढ़ एवं सुखाड़ से उत्पन्न स्थिति'' पर विमर्श :-

मा० सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा राज्य में बाढ़ एवं सुखाड़ से उत्पन्न स्थिति विमर्श का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा मा० सदस्य श्री अखतरूल ईमान द्वारा पक्ष रखा गया ।

विमर्श में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री बिरेन्द्र कुमार सिंह
(ii) श्री नन्द किशोर यादव
(iii) डा० जावेद
(iv) श्री अवधेश कुमार राय
(v) श्री पवन कुमार जायसवाल
(vi) श्री दुलाल चन्द गोस्वामी
(vii) श्रीमती मंजू वर्मा
(viii) श्री संजय सिंह ''टाइगर''
(ix) श्री मंजीत कुमार सिंह

(मा० उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(x) श्री राम नरेश प्रसाद यादव
(xi) श्री सोम प्रकाश सिंह
(xii) श्री रामेश्वर पासवान
(xiii) श्री विनोद कुमार सिंह

(मा० अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xiv) श्री अजय प्रताप
(xv) श्रीमती ज्योति रश्मि
(xvi) श्री कन्हैया कुमार

मा० मंत्री, जल संसाधन विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी एवं मा० मंत्री कृषि विभाग श्री नरेन्द्र सिंह द्वारा सरकार की ओर से सामान्य विमर्श का उत्तर दिया गया ।

उत्तर से असंतुष्ट होकर भाजपा एवं राजद के सभी मा० सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

[2] **प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 12 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न क्रम सं० 286 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iv) 84 तारांकित प्रश्न अनागत ।

''प्रश्नोत्तर काल शुरू होते ही विपक्ष के मा० सदस्यगण सदन में वापस आ गए ।''

[3] **कार्यस्थगन :-**

मा० सदस्य श्री चन्द्रमोहन राय एवं मा० सदस्य श्री प्रेम कुमार से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी ।

[4] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य के विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री रामनरेश प्रसाद यादव (ii) श्री कुमार शैलेन्द्र

(iii) श्री विनोद नारायण झा

[5] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) मा० सदस्य श्री अश्विनी कुमार चौबे का आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित दिनांक 30.07.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा मा० प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) मा० सदस्य श्री विनोद प्रसाद यादव एवं अन्य सभासदों का नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित दिनांक 30.07.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा मा० मंत्री श्री श्याम रजक द्वारा इसका उत्तर दिया गया । मा० सदस्य की मांग पर इसे प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को जाँच हेतु सौंपा गया ।

आसन से घोषणा की गई कि शेष ध्यानाकर्षण सूचनाएँ दिनांक 02.08.2013 को लिए जाएँगें ।

[6] **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

(i) मा० मंत्री, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का 31 मार्च, 2012 को समाप्त हुए वर्ष का (1) राजस्व प्रक्षेत्र प्रतिवेदन, (2) सामान्य सामाजिक एवं आर्थिक प्रक्षेत्र प्रतिवेदन तथा (3) महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना पर स्टेन्ड एलोन प्रतिवेदन की प्रतियों को सभा मेज पर रखा गया और इसके जनता में बिक्री का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जो सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(ii) मा० मंत्री, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का 31 मार्च, 2012 को समाप्त हुए वर्ष के लिए सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों पर प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया और इसके जनता में बिक्री का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जो सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(iii) मा० मंत्री, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2012-13 के बजट प्राक्कलन के संदर्भ में चतुर्थ तिमाही में प्राप्ति एवं व्यय के रूझान की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(iv) मा० मंत्री, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2013-14 के बजट प्राक्कलन के संदर्भ में प्रथम तिमाही में प्राप्ति एवं व्यय के रूझान की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(v) मा० मंत्री, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2012-13 का उपलब्धि प्रतिवेदन को सदन पटल पर रखा गया ।

(vi) मा० मंत्री, श्री पी०के० शाही द्वारा बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम का वर्ष 2002-03, 2003-04, 2004-05 एवं 2005-06 के वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(vii) मा० मंत्री, श्री पी०के० शाही द्वारा पटना विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2011-12 की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(viii) मा० सभापति, लोक लेखा समिति, श्री ललित कुमार यादव द्वारा समिति के प्रतिवेदन संख्या- 498, 499, 503, 504, 505, 506, 507, 508, 509, 510, 511 एवं 512 की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(ix) मा० सभापति, लोक लेखा समिति, श्री ललित कुमार यादव द्वारा समिति का 492वाँ प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(x) मा० सभापति, आन्तरिक संसाधन एवं केन्द्रीय सहायता समिति, श्री सुबोध राय द्वारा समिति का 11वाँ प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(xi) मा० सभापति, महिला एवं बाल विकास समिति, श्रीमती पूनम देवी यादव द्वारा समिति का 6ठा प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(xii) मा० सभापति, राजकीय आश्वासन समिति, श्रीमती लेशी सिंह द्वारा समिति का 236वाँ, 237वाँ, 238वाँ एवं 239वाँ प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

**(भोजनावकाश के बाद)**

समय 2.00 बजे अप० से 5.50 बजे अप० तक ।

[7] <u>वित्तीय कार्य</u> :-<u>वित्तीय वर्ष 2013-14 के प्रथम अनुपूरक व्यय-विवरणी में सम्मिलित अनुदान की मांग (उर्जा विभाग) पर वाद-विवाद तथा मतदान</u> :-

मा० प्रभारी मंत्री, उर्जा विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा उर्जा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्य डॉ० अच्युतानन्द द्वारा अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री राहुल कुमार

(मा० अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया ।)

(ii) श्री ललित कुमार यादव
(iii) श्री रामाधार सिंह
(iv) श्री मो० अफाक आलम
(v) डॉ० दाऊद अली
(vi) श्री प्रेमरंजन पटेल
(vii) श्री अवधेश कुमार राय
(viii) श्री प्रदीप कुमार
(ix) श्री जवाहर पासवान

(मा० अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(x) श्री जय कुमार सिंह
(xi) श्री रामलषण राम 'रमण'
(xii) श्री सोमप्रकाश सिंह
(xiii) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(xiv) श्री अनंत कुमार सत्यार्थी
(xv) श्री जनक सिंह

सरकार की ओर मा० प्रभारी मंत्री उर्जा विभाग द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया । उत्तर से असंतुष्ट होकर राजद एवं भाजपा के मा० सदस्यगण क्रमशः सदन से बहिर्गमन कर गए ।

सदन द्वारा डॉ० अच्युतानन्द का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ और अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

तदुपरांत वर्ष 2013-14 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी में सम्मिलित शेष अनुदान की मांगें बारी-बारी से गिलोटिन (मुखबंध) द्वारा सदन से स्वीकृत हुआ ।

[8] राजकीय कार्य :- राजकीय (वित्तीय) विधेयक :- बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2013 :-

मा० प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सदन की अनुमति से विधेयक सदन में पुर:स्थापित हुआ और विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खण्डश: विचार के क्रम में सभी खंड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

मा० प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया और पक्ष रखा गया ।

विधेयक सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[9] वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 1987-88, 2004-05, 2005-06, 2007-08 एवं 2010-11 के अधिकाई व्यय विवरणी में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान :-

मा० प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा बारी-बारी से अधिकाई व्यय विवरणी में सम्मिलित अनुदान की मांग को सदन में प्रस्तुत किया गया, जो क्रमश: सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[10] राजकीय कार्य :- राजकीय (वित्तीय) विधेयक :-बिहार विनियोग (अधिकाई व्यय 1987-88, 2004-05, 2005-06, 2007-08 एवं 2010-11) विधेयक, 2013 :-

मा० प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा विधेयक सदन की अनुमति से सदन में पुर:स्थापित हुआ और विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरांत खण्डश: विचार के क्रम में सभी खंड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

मा० प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । विधेयक सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[11] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल-33 निवेदनों को सदन की सहमति से सम्बंधित विभागों को भेज दिए जाएँगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 02.08.2013 के 9.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-01.08.2013

फूल झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।